# कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।

**पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य-09/2024** **दिनांक 09/10/2024**

**सेवा में,**

**अपर पुलिस महानिदेशक,**

**वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0।**

अपने पत्र संख्याःवीजेड-सोशल मीडिया-(18)/2020/10720,दिनांकःजून 04,2020 व पत्र संख्याः41/6-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जो पुलिस विभाग एवं उसके अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एवं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 08.10.2024** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

**01. थाना दुल्लहपुर पुलिस द्वारा लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुए 02 नफर अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार।**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 08.10.2024 को उ0नि0 जगतपति मिश्रा मय हमराह द्वारा दिनांक 3.10.2024 को थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 145/24 धारा 309(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया था लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुए प्रकाश मे आये दो अभियुक्त को चेकिंग के दौरान धमराव गाँव के गेट के पास से दिनांक 08.10.2024 को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त असलम उर्फ बिल्लर पुत्र स्व0 इस्ला म थाना भुडकुडा जनपद गाजीपुर के पास से लूट का एक अदद नीलेरंग का बैग से 3600 रुपया तथा हिमांशु यादव पुत्र कमल किशोर यादव निवासी मकदुमपुर थाना भुडकुडा जनपद गाजीपुर के पास से 6400 रुपया बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि दिनांक 03.10.2024 को शहिद स्मारक धामुपुर के पास से एक मो0सा0 सवार व्यक्ति से फाइनेन्स कलेक्शन का रुपया लूट किये थे, जिसमे से हमारे साथ का एक लड़का प्रिंस यादव भी था हम लोगो को लूट के 10000 रुपये देकर शेष रुपये त्योहार पर देने की बात को कहकर वह पुलिस के डर से मुम्बई भाग गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी कर मु0अ0सं0145/24 धारा 309(4) बीएनएस मे धारा 317(2) की बढोत्तरी कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण का नाम व पता –**

1 .असलम उर्फ बिल्लर पुत्र स्व0 इस्लाम थाना भुडकुडा जनपद गाजीपुर

2. हिमांशु यादव पुत्र कमल किशोर यादव निवासी मकदुमपुर थाना भुडकुडा जनपद गाजीपुर

**बरामदगी-**

1 .एक अदद नीले रंग का बैग

2 .10000 रुपया नकद

**आपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0सं0-145/2024 धारा 309(4), 317(2)बीएनएस थाना दुल्लहपुर जनपद गाजीपुर।

**<u>02.थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी को किया गिरफ्तार।</u>**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत उ0नि0 अशोक कुमार गुप्ता मय हमराह द्वारा माननीय न्यायालय अपर सिविल जज जनपद गाजीपुर द्वारा जारी एन0बी0डब्लू0/ वारण्टी फौ0मु0 24644/22, अ0सं0 647/21 धारा 457,380,411 भादवि से सम्बन्धित वारण्टी भजन बिन्द पुत्र हरिगोविन्द बिन्द नि0 मिश्रवलिया थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर उम्र करीब 24 वर्ष को दिनांक 08.10.2024 को गिरफ्तार किया गया गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का नाम व पताः-**

1. भजन बिन्द पुत्र हरिगोविन्द बिन्द नि0 मिश्रवलिया थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर उम्र करीब 24 वर्ष।

**03. <u>जनसुनवाई (IGRS) पोर्टल पर प्राप्त जन - शिकायतों का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने में लगातार तीसरी बार जनपद गाजीपुर को प्रदेश में प्रथम रैंक हासिल करने की उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई।</u>**

शासन की मंशा के अनुरूप जनसुनवाई (IGRS) पोर्टल पर प्राप्त जन शिकायतों की त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने के क्रम में जनपद गाजीपुर के प्रभारी आईजीआरएस व समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष के द्वारा जनसुनवाई (IGRS) पोर्टल पर प्राप्त जनशिकायतों का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया, जिसके उपरान्त जनपद गाजीपुर को प्रदेश में लगातार तीसरी बार प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। **जनपद के कुल- 27 थानों में से 22 थाने भी माह सितम्बर के मासिक मूल्यांकन रिपोर्ट में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किये हैं।**

**पुलिस अधीक्षक**
**गाजीपुर**